कोठारी इंटरनेशनल स्कूल

गतिविधि - 'त्योहारों की उमंग'

कक्षा – 3

कोठारी इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा – 3 के बच्चों ने 26.08.21, गुरुवार और 27.08.21, शुक्रवार को गतिविधि 'त्योहारों की उमंग' का ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण किया | बच्चों ने अगस्त माह के त्योहारों (तीज, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, स्वतन्त्रता दिवस, ओनम, मुहर्रम) में से एक त्योहार को चुनकर उसके बारे में लिखा और उस त्योहार की प्रस्तुति दी | इस गतिविधि से बच्चों को न केवल विभिन्न त्योहारों की जानकारी मिली बल्कि उनकी सृजनशीलता, अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं लेखन और वाचन कौशल में भी वृद्धि हुई | ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण होते हुए भी सभी बच्चों ने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया |